**दिनांक : 03/07/2026** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**<u>प्रात:कालीन समाचार</u>**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार:-

- ऽ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत-जापान संयुक्त आर्थिक मंच में कहा- भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था।
- ऽ स्कूल चलो अभियान के दौरान ही सांदीपनि विद्यालय भवनों का लोकार्पण और स्कूलों का युक्तियुक्तकरण होगा।
- ऽ श्री अमरनाथ जी यात्रा आज जम्मू-कश्मीर के पहलगाम और बालतल मार्गों से शुरू।
- ऽ प्रदेश में मानसून ने पकड़ी रफ्तार। आज हरदा, नर्मदापुरम समेत कई जिलों में तेज बारिश की संभावना।

अब समाचार विस्तार से:-

भारत-जापान संयुक्त आर्थिक मंच-प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत-जापान संबंध बहुत विशेष हैं और आर्थिक साझेदारी की सफलता के कई शानदार उदाहरण मौजूद हैं। नई दिल्ली में आज भारत-जापान संयुक्त आर्थिक मंच में श्री मोदी ने कहा कि जापान की विशेषज्ञता और निवेश भारत की गति और व्यापकता के साथ मिलने पर पूरी दुनिया को लाभ होता है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने आज साझेदारी को और भी गतिशील तथा प्रगाढ बनाने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और जापान ने आर्थिक सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रक्षा और स्वास्थ्य जैसे कई क्षेत्रों पर समझौते किए हैं। यह समझौते दोनों देशों की साझेदारी को भविष्य के अनुकूल और असीमित बनाएंगे। श्री मोदी ने कहा कि ...

वहीं जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने कहा कि सहयोग के कई क्षेत्रों में ऊर्जा सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है।इस अवसर पर दोनों प्रधानमंत्रियों ने संयुक्त रूप से हरियाणा के खरखोदा में मारुति सुजुकी के चैथे वाहन निर्माण केंद्र का उद्घाटन किया।

स्कूल चलो अभियान-मुख्यमंत्री

प्रदेश में इन दिनों स्कूल चलो अभियान चल रहा है। 15 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान के दौरान अधिकाधिक सांदीपनि विद्यालय भवनों को लोकार्पण एवं स्कूलों का युक्तियुक्तकरण कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों को इसी सत्र में अधिकतम लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल अलग-अलग विभागों हुई समीक्षा बैठक में इस पर जोर दिया। डॉ. यादव ने कहा कि सांदीपनि विद्यालय प्रदेश का सबसे बड़ा उत्कृष्ट नवाचार है। स्कूल शिक्षा विभाग इसकी राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर ब्रांडिंग के लिए कार्य योजना तैयार करे।

धार्मिक स्थल विकास-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के सभी धार्मिक महत्व के तीर्थ स्थलों में धर्मशाला, सराय, अन्न क्षेत्र, प्याऊ, पेयजल टंकी, अस्पताल एवं अन्य सार्वजनिक उपयोग के भवन निर्माण के लिए धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं को प्रोत्साहन दिया जाए। यह प्रोत्साहन रजिस्ट्री शुल्क में छूट, अनुदान या अन्य रियायत स्वरूप में किया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल मंत्रालय में विभिन्न प्रासंगिक विषयों पर विभागों की प्रगति एवं आगामी कार्य योजना के संबंध में समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल के भारत हेवी इलेक्ट्रीकल्स लिमिटेड (भेल) को शासन द्वारा दी गई जमीन की भेल के लिए वर्तमान में अनुपयोगी भूमि उनसे वापस लेने के प्रयास किए जाएं।

नर्मदा जयंती - प्रदेश

प्रदेश के 18 जिलों में नर्मदा जयंती कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अध्यक्षता में नर्मदा समग्र की बैठक में अपर मुख्य सचिव यह जानकारी देते बताया कि माँ नर्मदा की भव्य आरती, नृत्य, गायन, प्रदर्शनी, प्रतियोगिता और जागरूकता कार्यक्रम भी किए जाएंगे। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब नर्मदा समग्र की बैठक हर महीने होगी। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने नर्मदा परिक्रमा पथ पर मार्ग संकेतक लगाने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री यह घोषणा भी की है कि अमरकंटक में जैव विविधता प्रबंधन संस्थान और नर्मदा कोष पोर्टल भी बनाया जाएगा।

कार्यशाला - केंद्रीय पंचायती राज मंत्री

पंचायती राज मंत्रालय आज नई दिल्ली में राज्यों के पंचायती राज मंत्रियों की राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन करेगा, जिसमें सोलहवें वित्त आयोग की सिफारिशों पर चर्चा की जाएगी। कार्यशाला की अध्यक्षता केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह करेंगे और केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एस. पी. सिंह बघेल भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला के दौरान, वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग द्वारा जारी सोलहवें वित्त आयोग के ग्रामीण स्थानीय निकाय अनुदानों को लागू करने के दिशा-निर्देशों पर चर्चा होगी।

अमरनाथ यात्रा

श्री अमरनाथ जी यात्रा जम्मू और कश्मीर के पहलगाम और बालतल मार्गों से शुरू हो चुकी है। पूरे देश से लाखों श्रद्धालु 57 दिनों की तीर्थयात्रा के दौरान पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर का दर्शन करेंगे। श्रद्धालु लगभग 3 हजार आठ सौ 88 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा में भगवान शिव का आशीर्वाद लेने और प्राकृतिक रूप से निर्मित बर्फ के शिवलिंग के दर्शन करने के लिए जाते हैं। यह यात्रा 28 अगस्त को रक्षा बंधन के दिन समाप्त होगी। श्रद्धालुओं का पहला जत्था कल कड़ी सुरक्षा के बीच अनंतनाग जिले के नुनवान और गांदरबल जिले के बालतल स्थित दोहरे बेस कैंप पहुंचा। पहले जत्थे में 4 हजार आठ सौ 22 यात्री हैं।

उपचुनाव -दतिया

भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के दतिया विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव की घोषणा कर दी है। जारी कार्यक्रम अनुसार 6 जुलाई को गजट नोटीफिकेशन होकर नामांकन भरने की आखिरी तिथि 13 जुलाई होगी। 14 जुलाई को नामांकन-पत्रों की छंटनी और 16 जुलाई तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। 30 जुलाई को मतदान होगा और 3 अगस्त को मतगणना की जाएगी।

मौसम- प्रदेश

प्रदेश में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। भोपाल समेत 11 जिलों में कल से रूक-रूककर तेज बारिश हुई। सतना और झाबुआ में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। सतना में बालिका स्कूल परिसर में पेड़ गिरने से दो युवतियां घायल हो गई। दमोह में लगातार बारिश से निचले इलाकों बाढ़ जैसे हालात बन गए। इंदौर में भी रात में कई क्षेत्रों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज हरदा, नर्मदापुरम, रायसेन, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा और बालाघाट समेत 19 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना है।

क्रिकेट-महिला विश्व कप

इंग्लैंड आईसीसी महिला टी-टवेंटी क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में पहुंच गया है। लंदन के केनिंग्टन ओवल में कल दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 40 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए, इंग्लैंड ने निर्धारित ओवर में पांच विकेट पर 169 रन बनाए। जवाब में, दक्षिण अफ्रीका निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 129 रन ही बना सका। रविवार को लॉर्ड्स में फाइनल में इंग्लैंड का सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा।

फीफा विश्व कप

स्पेन फीफा फुटबॉल विश्व कप के प्री-क्वाटर फाइनल में पहुंच गया है। लॉस एंजिल्स स्टेडियम में कल रात स्पेन ने ऑस्ट्रिया को 3-0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनायी। प्री-क्वार्टर फाइनल में स्पेन का सामना पुर्तगाल और क्रोएशिया के बीच जारी मैच के विजेता से होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

ऽ खंडवा जिले के बमनगांव आखई में कल ष्विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जीरामजी योजना का जिला स्तरीय शुभारंभ किया गया।

ऽ आगरमालवा जिला पुलिस को ई-विवेचना प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिले के समस्त थाना क्षेत्रों के 153 विवेचकों को टैबलेट दिये गये।

ऽ अशोकनगर जिले में सभी शासकीय विभाग एवं संस्थाए अपने-अपने स्तर पर नशामुक्ति से संबंधित जागरूकता अभियान एवं गतिविधियां संचालित करेंगी। यह निर्देश कल कलेक्टर ने एक बैठक में दिए।

- भोपाल में नगर निगम और फायर विभाग ने कल एमपी नगर स्थित दो कोचिंग संस्थानों पर कार्रवाई की।

- धार जिले में तेजी से विकसित हो रहे देश के महत्वाकांक्षी पीएम मित्रा पार्क, का इंदौर संभाग आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने कल दौरा किया।

- इंदौर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खड़े ने कल झाबुआ के विभिन्न गांवों का सघन भ्रमण कर कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने श्रीलंका और भारत के बीच क्रिकेट टैस्ट  श्रृंखला के मैचों का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। यह श्रृंखला 15 से 27 जुलाई तक खेली जाएगी।

-------------